**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **01-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-खेत से ट्यूबेल के सामान चोरी करने के 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-**



**अवगत कराना है दिनांक 31.08.2025 को वादी राजेश पुत्र रामकुंवर सिंह निवासी ग्राम अबुसैदपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के खेत में लगी ट्यूबेल से स्टार्टर,केबल, ट्यूबेल की लोहे की पाईप आदि सामान चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 397/2025 धारा-303(2) BNS पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 01.09.2025 को उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपीगण 1. गजेंद्र पुत्र बांदू सिह 2. महावीर पुत्र नन्हे निवासीगण ग्राम नौसना थाना बिलारी,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो होण्डा व चोरी गये ट्यूबवेल की 02 लोहे की फैक बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।**

गिरफ्तार आरोपीः-

**1. गजेंद्र पुत्र बांदू सिह**
**2. महावीर पुत्र नन्हे निवासीगण ग्राम नौसना थाना बिलारी,मुरादाबाद**

बरामदगीः-

**घटना में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो होण्डा व चोरी गये ट्यूबवेल की 02 लोहे की फैक**

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

**उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना बिलारी ,मुरादाबाद।**
**का0 संजीव कुमार थाना बिलारी ,मुरादाबाद।**
**हे0का0 जितेन्द्र कुमार थाना बिलारी ,मुरादाबाद।**

**2.ट्रक से बैट्रे चोरी करने के प्रकाश में आये दो आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

**अवगत कराना है दिनांक 31.08.2025 को वादी विनोद कुमार पुत्र कमल वीर सिंह निवासी नगलिया मस्कुला थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के ट्रक से दो बैट्रे चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी।**

तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 184/2025 धारा- 303(2)बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 01.09.2025 को उ0नि0 श्री बनी सिंह थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के प्रकाश में आये दो आरोपीगण 1.मोनू पुत्र होरी लाल निवासी महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर,मुरादाबाद 2.रौमी पुत्र हरपाल निवासी महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर, मुरादाबाद को गिरफ्तार कर,चोरी गये दो बेट्रे (1. बैटरा मैक्सो प्रो ओटोमोटिव व 2. टाटा ग्रीन बेटरीज) बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।



गिरफ्तार आरोपीगणः-

1.मोनू पुत्र होरी लाल निवासी महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर,मुरादाबाद
2.रौमी पुत्र हरपाल निवासी महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर, मुरादाबाद

बरामदगीः-

दो बेट्रे (1. बैटरा मैक्सो प्रो ओटोमोटिव व 2. टाटा ग्रीन बेटरीज)

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री बनी सिंह थाना मैनाठेर,मुरादाबाद।
हे0का0 दीनदयाल थाना मैनाठेर,मुरादाबाद।
हे0का0 सोनू कुमार थाना मैनाठेर,मुरादाबाद।

## 3.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मझोला:-

अवगत कराना है दिनांक 31.08.2025 को उ0नि0 श्री अजय तेवतिया थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी अनुज पुत्र रघुवीर सिहं नि0 स्थायी पता सलेमपुर सलार उर्फ हाजी पुर थाना अस्मौली जिला सम्भल व वर्तमान पता चेतिया फार्म हाउस के पीछे शाहपुर तिगरी थाना मझोला,मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-0825/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



गिरफ्तार आरोपीः-

अनुज पुत्र रघुवीर सिहं नि0 स्थायी पता सलेमपुर सलार उर्फ हाजी पुर थाना अस्मौली जिला सम्भल व वर्तमान पता चेतिया फार्म हाउस के पीछे शाहपुर तिगरी थाना मझोला,मुरादाबाद

बरामदगीः-

एक अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 श्री अजय तेवतिया थाना मझोला,मुरादाबाद।
का0 रामवीर सिंह थाना मझोला,मुरादाबाद।
का0 चाँद अहमद थाना मझोला,मुरादाबाद।
का0 कुलदीप कुमार थाना मझोला,मुरादाबाद।

**4-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 16 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 16 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना मझोला-08,थाना पाकबड़ा-02,थाना सोनकपुर-01, थाना डिलारी-04,थाना भगतपुर-01**